[श्री रबी राय]

है और संविधान में उनकी देखभाल के लिए व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति जो शिड्यूल्डकास्ट के कमिश्नर हैं, उनको मनोनीत करते हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि सदन मे बहस होने बाद भी जो शिड्यूलकास्ट के कमिश्नर हैं श्री माने साहब, उन्होंने अपनी तरफ से – कल के 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में यह बयान छापा है। इसलिए मैं श्री ओम् मेहता साहब से कहना चाहता हूं कि उन्होंने इस बयान में जिस प्रकार की स्थिति का जिक्र किया है, उसकी ओर ध्यान देंगे। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर खींचा है कि शिड्यूल्डकास्ट वालों के लिए हिन्दुस्तान में जो 17 रीजनल दफ्तर थे, वे बन्द कर दिए गए हैं। स्टेटों में कोई दफ्तर नहीं हैं जबकि ला-कमिशन ने दफ़तर खोलने के लिए कहा है। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि इस बारे में सरकार ध्यान देगी ताकि आगे चलकर शिड्यूल्डकास्ट कमिश्नर को आपत्ति करने का मौका न हो।

SHRI OM MEHTA : Sir, I want to make one thing clear and it is that there was a discussion here on the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for about four days and I tried then to meet almost all the points raised by the honourable Members including Mr. Rabi Rai. I do not think there is anything new. I have clarified all these points.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : We shall take up the Statutory Resolution and the Bill in the after-noon. The House stands adjourned till 2-15 P. M. today.

The House then adjourned for lunch at eighteen minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at seventeen minutes past two of the clock, **Mr. Deputy Chairman** in the Chair.

I. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE MAINTENANCE OF INTERNAL SECURITY (AMENDMENT) ORDINANCE, 1874 (NO. 11 of 1974)

II. THE CONSERVATION OF FOREIGN EXCHANGE AND PREVENTION OF SMUGGLING ACTIVITIES BILL, 1974

श्री भैरों सिंह शेखावत (मध्य प्रदेश): उपसभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं —

"That this House disapproves the Maintenance of Internal Security (Amendment) Ordinance, 1974 (No. 11 of 1974) promulgated by the President on the 17th September 1974".

उपसभापति महोदय, मैं इस सम्बन्ध में कुछ चर्चा करने से पूर्व यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि इस प्रकार का प्रस्ताव रखने के पीछे मेरी या मेरे दल की इस प्रकार की कोई मंशा नहीं है जिसके कारण किसी भी प्रकार से तस्करों के साथ कोई सहानुभूति व्यक्त की जा सके। तस्करों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाय, हम इसके पक्ष में हैं, बल्कि इतना ही नहीं, जिन तस्करों को अब तक संरक्षण मिला है, जिस सरकार की अकर्मण्यता से तस्कर व्यापार में निरन्तर वृद्धि हुई है, जिन लोगों ने तस्करों के साथ सहयोग किया है उन सबके विरुद्ध भी सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए, हम इस पक्ष में हैं।

जहां तक इस आर्डिनेंस का प्रश्न है, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जब से संविधान लागू हुआ है, अर्थात् 26 जनवरी 1950 से, भारत की जनता को जिस प्रकार के मौलिक अधिकार दिए गए और संविधान में जिस प्रकार के अधिकारों की व्याख्या की गई दुर्भाग्य से ये अधिकार उस समय से लेकर आज तक निरन्तर कुण्ठित किए गए हैं। यह सदन जानता है कि 25 फरवरी, 1950 को प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट लागू कर दिया गया था। मतलब संविधान लागू होने के एक माह पश्चात्। यह कानून जिस समय पेश किया गया उस समय इस बात का आश्वासन दिया गया था कि 1951 तक यह स्वत:

ही समाप्त हो जायगा। लेकिन स्थिति यह रही कि सरकार ने किसी न किसी बहाने इस की अवधि का एक्सटेंशन किया और 1969 में यह कानून लैप्स हुआ। उसके बाद 7 मई, 1971 को इसे प्रिवेंटिव डिटेंशन एक्ट का नाम बदल कर मेंटेनेंस आफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट के नाम से लागू कर दिया गया जो दुर्भाग्य से अब तक चला आ रहा है। 1962 में डी० आई० आर० लागू किया गया जो 1968 तक उसी प्रकार लागू रहा और फिर 1971 में डी०आई०आर० लागू किया गया जो आज तक लागू है। तो कहने का अर्थ यह है कि एक तरफ हमने संविधान के माध्यम के लोगों को कुछ मौलिक अधिकार प्रदान किये और और दूसरी तरफ इंटरनैशनल सेक्योरिटी एक्ट, मेंटेनेंस आफ इंटरनल सेक्योरिटी एक्ट और डिफेंस आफ इंडिया एक्ट आदि के मातहत उन सारे अधिकारों को वापस ले लिया। मैं कह सकता हूं कि संसार में किसी भी लोकतंत्र में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं है कि एक तरफ संविधान में अधिकार दिए जायें और दूसरी तरफ उन संविधान के अधिकारों को किसी न किसी कानन के जरिए स्ट्रैंगुलेट किया जाय। लेकिन हमारे देश में यह विचित्र स्थिति रही है। अन्य देशों में भी संकट कालीन स्थिति पैदा हुई हैं। इंगलैण्ड मे भी संकट कालीन स्थिति थी, अमरीका में भी संकट कालीन स्थिति थी और दूसरे मुल्को में भी संकट कालीन स्थिति थी और उनमें संकट कालीन कानून भी बने है। दूसरे महायुद्ध में, उस के बाद जैसे ही महायुद्ध बंद हुआ 15 दिन के अन्दर अंदर इंगलैण्ड मे संकट कालीन स्थिति समाप्त कर दी गयी। हमारे यहां आज भी संकट कालीन स्थिति चल रही है। 1971 में जब पाकिस्तान से हमारा युद्ध हुआ उस समय मेंटेनेंस आफ इंटरनल सेक्योंरिटी एक्ट लागू किया गया। डी० आई० आर० लागू किया गया। आज सरकार से कोई पूछे कि आज किस प्रकार की स्थिति है? आज क्या देश में संकटकालीन स्थिति है? किस संकटकालीन स्थिति के कारण से यह दोनों कानून हिंदुस्तान में आज भी लागू हैं? मैं समझता हूं कि सरकार के पास उस का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं है। आज पाकिस्तान से हमारा समझौता हो गया है। पाकिस्तान के जो कैदी हमारे पास थे उनको हमने पाकिस्तान को वापिस कर दिया। लड़ाई के दौरान हम ने उनकी जिस धरती पर कब्जा किया था उसे हम ने उनको वापस कर दी और दहेज के तौर पर हमने छम्भ और जोरियां का क्षेत्र जिसमें हमारे सैकड़ों सैनिकों ने अपना बलिदान किया था वह भी उनको दे दिया। पाकिस्तान से हमारे ट्रेड एग्रीमेंट हो रहे हैं, उससे भाई-भाई के सम्बंध बन रहे हैं, तो जिस स्थिति को लेकर हमने संकट कालीन स्थिति की घोषणा की थी, ईमानदारी के साथ अगर कोई विचार करे तो आज वह संकटकालीन स्थिति नहीं है और इसलिए इस प्रकार की स्थिति से लाभ उठा कर यदि आर्डिनेंस के जरिए या इस प्रकार के कानूनों के जरिए लोगों की स्वतंत्रता पर आघात करने की चेष्टा की जाती है तो यह मान कर चलिए कि उस स्वतंत्रता का स्वरूप जनमानस के सामने जिस प्रकार से विकसित होना चाहिए वह नहीं होगा। लोग यह समझ कर चलते हैं कि सरकार की इच्छा के विपरीत जो भी कोई आचरण करेगा सरकार संकट कालीन कानूनों के नाम पर उन की आज़ादी का अपहरण कर सकती है। मैं इस संबंध में निवेदन करना चाहूंगा कि जिस समय 1971 में मेंटेनेंस आफ इंटरनल सेक्योरिटी बिल इस सदन में प्रस्तुत किया गया था, उस बिल के आब्जैक्ट्स ऐंड रीजन्स में यह बात लिखी गयी थी कि:

'In view of the prevailing situation in the country and the developments across the border, there is need for urgent and

[श्री भैरों सिंह शेखावत]

effective preventive action in the interest of national security. It is, therefore, considered essential to have powers of preventive detention to deal effectively with threats to the defence of India, especially from external sources and espionage activities of foreign agents. Since the existing laws available to deal with the situation have not been found to be adequate, the Maintenance of Internal Security Ordinance, 1972 has been promulgated. It is now proposed to replace the Ordinance by an Act"

अब ये जो स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स एण्ड रीजन्स दिये गए हैं, इसके परव्यू में हम इस आर्डिनेंस को लाना चाहें जो आपने स्मगलर्स को डील करने के लिए प्रस्तुत किया है, तो मैं निश्चित रूप से कहना चाहूंगा कि वह लोकतंत्र की परंपरा, इस ससद् की परंपरा और कानून बनाने की जिस प्रकार की भी भावनाएं होती हैं उनका स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। एक्ट के प्रिएम्बुल में और स्टेटमेंट आफ आब्जैक्ट्स एण्ड रीजन्स में जो एक्ट की भावना है, उसके अंतर्गत भी हम किसी प्रकार का संशोधन कर सकते हैं। माननीय मंत्री महोदय इस बिल के स्टेटमेंट आफ आब्जेक्टस एण्ड रीजन्स को देख लें और जो आपने आर्डिनेंस इश्यू किया है स्मगलर्स को डील करने के लिए उसकी भावना को देख लें। किसी प्रकार का तालमेल दोनों में नहीं है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि स्टेटमेंट आफ आब्जैक्ट्स एण्ड रीजन्स के परव्यू से बाहर यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन आता है तो वह संशोधन किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। यह कानून बनाने की विधि बिल्कुल गलत है और संसद को भी इस प्रश्न के ऊपर सीरियसली विचार करना चाहिए कि क्या सरकार को हम इस प्रकार का अधिकार दे रहे हैं कि वह मूल एक्ट में स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स एण्ड रीजन्स की भावना के विपरीत किसी प्रकार का संशोधन ला सकता है। तो पहला प्रश्न मेरा यह है।

दूसरा प्रश्न म यह निवेदन करना चाहता हूं कि क्या हिंदुस्तान के अन्दर स्मगलिंग का काम एक ही दिन के अन्दर बाहर निकल आया? सरकार भी जानती है और यह सदन भी जानता है कि स्मगलिंग की व्यापकता कितनी बढ़ गई है। यह क्यों बनी? ये स्मगलर्स अपने आप बढ़े, ऐसी बात नहीं है। जो आप कहते हैं कि स्मगलर्स बहुत बढ़ गए हैं, मैं इस बात को मानने को तैयार हूं। आखिर सरकार है, सरकार का कस्टम विभाग है और सरकार के एडमिनिस्ट्रेटिव डिपार्टमेंटस हैं जो स्मगलिंग को रोकने के लिए तनख्वाह पाते हैं। सरकार ने एक प्रशासनिक व्यवस्था कर रखी है, स्मगलिंग रोकने की। उसके बावजूद भी हमारे देश में स्मगलिंग क्यों बढ़ी? इसे सरकार किस रूप में रखे, मैं नहीं कह सकता, लेकिन यह स्पष्ट है कि सरकार का भी संरक्षण उनको मिला और राजनीतिक नेताओं का भी संरक्षण मिला और यह मैं ही नही, पहले जो मंत्री थे, के० आर० गणेश, उन्होंने अपने एक वकतव्य में कहा जो मैं थोड़ा पढ़ कर सुनाना चाहूंगा--

"Through their ill-gotten wealth and by generous contribution to social and political causes, notorious smugglers have unfortunately become men of respectability and power in our society. Their strength and their influence can be seen when a smuggler can get his passport application certified by VIP. Their influene is all-pervasive. In many Government departments they can get things done far more easily than other people. For instance it has been reported that a smuggler can get trunk calls booked within moments while the Enforcement officials have sometimes to wait for hours together to get their calls through . and the smuggler's calls are not even registered."

आगे फिर वे कह रहे हैं--

"The link up between notorious smugglers and powerful business and political interests and some of the corrupt sections in the Administration has become a grave threat not only to the economy but also to the moral roots of our society."

अब इसे सरकारी वक्तव्य तो नहीं कहना चाहिए, लेकिन सरकार के मंत्री का इस प्रकार का स्टेटमेंट है। मैं समझता हूं कि उस स्टेटमेंट के आगे जाने की आवश्यकता नहीं है। इन स्मगलर्स से पोलिटीशिएंस का किस प्रकार का लिंक रहा है, वह लिंक क्या हम तोड़ पाए? क्या उसके विरुद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही करने की हमारे सामने कोई योजना है? क्या उन पोलिटीशिएंस के खिलाफ हम किसी प्रकार का कोई ऐक्शन लेने का साहस करते हैं? क्या आपकी मिनिस्ट्री ने एक ऐसा इनफ्रा-स्ट्रक्चर एडमिनिस्ट्रेटिव पाइंट आफ व्यू से तैयार किया है? मैं समझता हूं कि अभी तक सरकार ने जो ऐक्शन लिया है उससे इस प्रकार की कोई स्थिति नहीं लग रही है कि सरकार ने इस संबन्ध मे कुछ किया है।

उपसभापति महोदय, यह सदन जानता है कि पिछले दिनों में जितने भी प्रिवेटिव डिटेंशन एक्ट में गिरफ्तारियां हुई हैं, मैं उस सम्बन्ध में सारे आंकड़े नहीं देना चाहता, लेकिन इतना निवेदन करना चाहूंगा कि मेन्टिनेन्स आफ इंटर्नल सिक्योरिटी एक्ट में अब तक जितनी गिरफ्तारियां हुई हैं, उसको सरकार ने तीन भागों में विभाजित किया है--एक वायलेंट एक्टिविटीज, गुंडाइज्म, कम्युनल टेंशन, हार्बरिंग आफ डेकोइट्स, दूसरे इकनामिक आफेंसेज जिनमें होर्डिंग, प्राफीटियरिंग, ब्लैक मार्केटिंग और बाकी में अदर्स हैं। लेकिन 31 मार्च, 1974 को जो पोजीशन थी, उसको सामने रख कर मैं यह सिद्ध करने की चेष्टा करूंगा कि लोगों को राजनीतिक आधार पर ज्यादा गिरफ्तार किया गया है, बाकी चार्जों के कारण नहीं गिरफ्तार किया गया है। 31 मार्च को 3,864 बन्दी मेंटीनेंस आफ इंटर्नल सिक्योरिटी ऐक्ट के अन्दर रोके हुए थे। इसके अन्दर 2,219 व्यक्ति राजनीतिक कारणों से रोके हुए थे। आप उनको वायलेंट एक्टीविटीज के कारण से कह दीजिए या किसी और कारण से कह दीजिए, लेकिन राजनीतिक दलों के कार्यकर्त्ताओं को आपने रखा। मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि वायलेंट एक्टीविटीज के लिए इंडियन पैनल कोड में व्यवस्था की गई है। अगर आपने इन लोगों को रोक रखा है, इन लोगों के खिलाफ किसी प्रकार का केस नहीं चलाना चाहते हैं तो दो परिणाम निकलते हैं। या तो सरकार के पास केस चलाने के लिए कोई ग्राउन्डस नहीं हैं या सरकार जिन आफेन्सेज के लिए सजा दे सकती है, परन्तु देना नहीं चाहती। तीसरी चीज आज मैं देखता हूं कि पालिटिकल वर्कर्स को रोक कर पालिटिकल एक्टीविटीज पर किस प्रकार से कंट्रोल किया जा रहा है। मैं यह कहना चाहूंगा कि मेन्टेनेन्स आफ इन्टरनल सिक्योरिटी एक्ट का दुरुपयोग सरकार की तरफ से हुआ है और राज्य सरकारों ने भी इसका खुल कर दुरुपयोग किया है।

मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार ने 1965 में हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई हुई थी तो 366 आदमी मीसा में गिरफ्तार किए थे उनमें ऐसे भी थे जो हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच तस्करी व्यापार करते हैं। 1971 में जब पाकिस्तान और हिन्दुस्तान की लड़ाई हुई थी उन्हीं व्यक्तियों में से 171 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि जहां से सोने का तस्करी व्यापार करोड़ों का हुआ है और लगातार तस्कर व्यापार होता रहा है, वहां से आज तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया। सभापति महोदय, इसलिए गिरफ्तार नहीं किया गया कि वे तस्करी जानते हैं और उन्होंने देखा कि हमें सरकार का संरक्षण प्राप्त करना आवश्यक है तो वे लोग कांग्रेस

[श्री भैरों सिंह शेखावत]

के संगठन में घुस गए और मंडल के पदाधिकारी, जिला के पदाधिकारी बन गए। आप भी कांग्रेस की लिस्ट और मंडल की लिस्ट उठा कर टेली कर सकते हैं।

मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार उनको राजनीतिक आश्रय देकर प्रोत्साहित नहीं कर रही है? सभापति महोदय, सब जानते हैं कि स्मगलिंग हिन्दुस्तान में कोई कम नहीं है। 1966 में 6 करोड़ रुपए का माल इसी कारण जब्त किया गया और 1973 में 24 करोड़ का माल जब्त किया और जुलाई 1974 तक 26 करोड़ रुपए का माल जब्त किया गया है। इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि स्मगलिंग लगातार बढ़ रहा है। इसको रोकने के लिए हमने कोई कोशिश नहीं की। अगर सरकार यह कहे कि इस प्रकार का कोई कानून नहीं था तो मैं इस बात को मानने को तैयार नहीं हूं। आपको याद होगा, चौरड़िया का केस। जब आपने चौरड़िया को तस्करी के कारण गिरफ्तार किया तो इसको लेकर वह सुप्रीम कोर्ट तक गया। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं ने यह निर्णय दिया कि स्मगलिंग हिन्दुस्तान के सारे इकनोमिक स्ट्रक्चर को खराब कर रहा है, इसलिए ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है तो हमें किसी भी प्रकार से उस व्यक्ति के साथ रियायत नहीं करनी चाहिए। उस समय उसकी गिरफ्तारी मीसा मे नहीं हुई थी उनको कस्टम एक्ट के मातहत लिया गया था। इसी प्रकार हाजी मस्तान और दूसरे तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। हाई कोर्ट से बरी इसलिए नहीं हुए कि कानून में कोई खामी थी बल्कि हाई कोर्ट से इसलिए बरी हुए कि आपने सफिशिएन्ट रीज़न नही दिए, आप उनके पुराने और नए कारनामों के बीच में किसी प्रकार की रिलेशनशिप एस्टेब्लिश नहीं कर पाए। आपने चार्ज लगाने में कई प्रकार की गलतियां कीं। यह गलतियां करने वाला कौन है? यह गलतियां करने वाली सरकार है और उसका लाभ उठाने वाले कौन हैं? इसका लाभ उठाने वाले तस्कर हैं। यह तस्कर व्यापार पिछले 15, 20 सालों से बढता जा रहा है। आप तस्करों की हिस्ट्री शीट उठा कर देखिए तो पाएंगे कि कानून की दृष्टि से उनकी रिलेशनशिप एस्टेब्लिश की जा सकती थी लेकिन दुर्भाग्य है कि रिलेशनशिप को एस्टेब्लिश नही किया और इसी कारण से वे बरी होते हैं और अब और बरी होते जा रहे है। अब आपने प्रेजीडेन्ट आर्डर निकाल दिया, जिसके मातहत वे कोर्ट में किसी प्रकार दावा नहीं कर सकते। मैं समझता हू कि सरकार को चाहिए यह था कि वह एक कम्परिहेन्सिव लॉ बनाती और इन व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाती। सभापति महोदय, मैं स्पष्ट कहता हूं कि आज उनकी सरकार प्रोसीक्युशन करना नहीं चाहती, उनको कोर्ट में जाने की छूट देना नहीं चाहती और इसके पीछे साफ कारण है। वह यह है कि कोर्ट में जाकर यह कह सकते हैं कि किस-किस राजनेता ने किस-किस व्यक्ति से कितना-कितना पैसा लिया है। सरकार को इसी बात का डर है और इसी कारण से उन्होंने ऐसा किया और यह सोचा कि 4, 5 महीने मे जेल में रहेंगे तो अपने आप सब बात दब जाएगी। सरकार ने घबरा कर ही इस प्रकार का निर्णय किया, क्योंकि अगर किसी प्रकार से ये मामले कोर्ट में चले जाते तो सारी बातों का पता लग जाता और यह पता चल जाता कि किसने इन लोगो से पैसा लिया है या इन लोगो से सहायता प्राप्त की है। मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान मे तस्करी का व्यापार कोई छोटा-मोटा व्यापार नहीं है। यह नाजायज काम बहुत बड़े पैमाने पर चल रहा है। आप वेस्ट-कोस्ट, गुजरात या, बम्बई आदि जितने भी हमारे देश में मैट्रोपोलिटन सिटीज़ है उनको देखिए तो आपको पता चलेगा कि इन नगरों के अन्दर स्मगल्ड माल के लिए एक तरह की क्रेज पैदा हो गई है। सवाल यह पैदा होता है कि यह क्रेज किसने पैदा की? मैं समझता

है कि हमारे देश में जो इकोनोमिक कंडिशन है उसके कारण ही यह स्थिति पैदा हुई है। आज आप बम्बई और कलकत्ता के अन्दर जाइए, आपको 10–20 हजार आदमी ऐसे मिलेंगे जो इनकम टैक्स की चोरी करने मे सहयोग करने के लिए झूठे इन्दराज करते हैं। इन लोगों ने हजारों रुपए की संपत्ति इकट्ठा की हुई है। बम्बई के अरविंद नामक व्यक्ति को, जिसने अपने नाम पर 6 करोड़ के लगभग फर्जी इन्दराज करा रखें हैं, आपने आज तक क्यों नही गिरफ्तार किया ? इसका कारण यह है कि वह दलाल भी है और उसको सरकारी अफसरो और राजनीतिज्ञों का संरक्षण भी प्राप्त है. . . (*Interruption*) उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हू कि स्मगलरों ने इस देश में बड़ी-बड़ी बिल्डिगें खड़ी कर रखी हैं और सरकारी अफसर इन इमारतो मे जाकर ठहरते हैं। मैं आपको राजस्थान का उदाहरण बताना चाहता हूं। राजस्थान के भूतपूर्व मंत्री श्री मोहन लाल सुखाड़िया--मैं जिनके बारे में विशेष नहीं कहना चाहता हूं. . .

(*Interruption*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF PERSONNEL AND ADMINISTRATIVE REFORMS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI OM MEHTA) : He is not in the House.

श्री भैरों सिंह शेखावत . वे नटराज होटल में ठहरे और वहां पर तस्करो के साथ उनका फोटो खीचा गया। इसमे उनके मंत्री मंडल के तीन साथी भी थे। यह सारी की सारी चीजें होती रही है। आप इस प्रकार की स्थिति मे इसका अन्दाजा लगाइए। भारत सरकार किस प्रकार से इन मामलो की जांच कर रही है। मैं सारे मामलों में नहीं जाना चाहता। यह सिद्ध हो चुका है कि स्मगलरों के साथ यहां के राजनीतिज्ञो का संबंध रहा है। चौरड़िया का मामला सामने आ चुका है। राजस्थान के भूतपूर्व मुख्य मंत्री स्वर्गीय बरकतुल्ला खां ने एक स्थान पर वाटर वर्क्स की स्वीकृति दी जिसमें चौरड़िया ब्रदर्स का पैसा लगा था। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि. . .(*Interruption*)। इसी प्रकार से गर्वनर श्री कानूनगों और मंत्री श्री गोखले ने तस्करों को गुड कन्डक्ट के सर्टिफिकेट दिए हैं। हमारे देश में जितने भी स्मगलर है उनका किसी न किसी रूप में राजनीतिज्ञों के साथ संबंध रहा है और उनका संरक्षण उन्हे मिला है।

SHRI OM MEHTA : Mr. Gokhle has not issued any certificate.

श्री रबी राय : (उड़ीसा) : उन्होंने ऐसा नही कहा है।

श्री रणवीर सिंह (हरियाणा) : आप लोग ही इन लोगो को संरक्षण दे रहे है और कानून नहीं बनने दे रहे है. . .

(*Interruption*)

MR. DEPUTY CHAIRMAN : How many Members want to speak simultaneously ?

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत (राजस्थान) : मैं स्पष्टीकरण चाहती हूं। अभी आपने स्वर्गीय श्री बरकतुल्ला जी का नाम लिया। यह किस जगह की बात आप कर रहे हैं ?

श्री भैरों सिंह शेखावत : सुरदार शहर, आपके गाव के पास ?

श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूडावत : आप यह गलत नाम ले रहे है।

श्री भैरों सिंह शेखावत : उपसभापति, महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे देश मे जो बड़े-बड़े स्मगलर हैं उनका किसी न किसी रुप में मंत्रियो से संबंध रहा है। पटेल, हाजी मस्तान, कलातरा आदि जितने भी तस्कर हैं इन सब का मंत्रियों के साथ संबध रहा है। हाजी मस्तान ने तो खुले आम कहा है कि मैने अपने पैसे से कई मत्री बनाए हैं।

[श्री भैरों सिंह शेखावत]

हमारे देश में फारेन एक्सचेंज का जिस प्रकार का एक्ट है, अगर आप अपने एडमिनिस्ट्रेशन को इस बारे में अच्छी प्रकार से देखें तो आपको अपने एडमिनिस्ट्रेशन में लेकुना मिल जाएंगे। उन लेकुना और लूप-होल्स को यदि आप प्लग कर देंगे, तो मैं समझता हूं फारेन एक्सचेंज की बहुत बचत हो जाएगी। मैं निवेदन कर रहा हूं। एक मैसर्स संत प्रकाश भगवान दास फर्म है बम्बई में। पहले पाकिस्तान में थी। पार्टीशन के बाद बम्बई आ गई और इंडो अफगान ट्रेड के अंतर्गत अफगानिस्तान में कुछ माल एक्सपोर्ट किया बताया, लेकिन एक्सपोर्ट प्रनिग्स को रिपैट्रिएट नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में उनको डी-रजिस्टर कर दिया गया। इस कारण उनको कोई इम्पोर्ट या एक्सपोर्ट का लाइसेंस नहीं मिल सकता था। इस प्रकार के निर्णय के विरोध में, 1967 में उन्होंने रेप्रेजेंटेशन किया कामर्स मिनिस्ट्री के सामने और यह कहा कि हमने 1960–61 में जो व्यापार किया है, अफगानिस्तान से 1960–61 में उस माल की रकम वहां पड़ी है, उस रकम के एक्सचेंज में माल इम्पोर्ट करने के लिए हमें कस्टम्स क्लियरेंस पेपर मिलने चाहिएं। अब यह मामला गया श्री दिनेश सिंह के पास, दिनेश सिंह जी ने इसको रिजेक्ट कर दिया 1967 में। उसके बाद वह मामला गया श्री भगत के पास। उन्होंने भी 1967 के अंदर इसको रिजेक्ट कर दिया। दो बार रिप्रेजेंटेशन रिजेक्ट हो गए। उसके बाद मैं समझता हूं किसी आदमी को संतोष करना चाहिए था। लेकिन फिर 1970 में रिप्रेजेंटेशन किया...

श्री रबी राय: कौन थे मंत्री?

श्री भैरों सिंह शेखावत: मैं बताऊंगा, परन्तु मंत्री का नाम अभी नहीं लेना चाहता। 1970 में फिर रिप्रेजेंटेशन हुआ। उस रिप्रे-जेन्टेशन पर मंत्री महोदय ने क्वेरीज कीं, इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट से यह पूछा गया कि यह बताएं कि इस पार्टी के कहीं फण्ड्स अफगानिस्तान में हैं या नहीं? और दूसरा प्रश्न यह पूछा कि माल इसने वास्तव में एक्सपोर्ट किया था या नहीं? रिजर्व बैंक आफ इण्डिया का सर्टिफिकेट जो उस समय की व्यवस्था के अनुसार आवश्यक था है या नहीं। फारेन में माल उसने एक्सपोर्ट किया या नहीं। इसकी जांच के लिए डायरेक्टोरेट को उन्होंने लिखा। इन्फोर्समेंट डायरोक्टोरेट ने, आप ताज्जुब करेंगे, अपनी रिपोर्ट में यह कहा—देयर इज नो सच ए डायरेक्ट एविडेंस। इस फर्म ने पर्मिट मांगा था, सुपारी का इम्पोर्ट करने के लिए। 1970 में फिर एप्लीकेशन दी और एप्लीकेशन देख कर उन्होंने कहा कि जो अफगानिस्तान के अंदर हमारा ट्रेडर था जिसको हमने माल भेजा और जिसके पास हमारा पैसा पड़ा है वह अब अपना व्यापार वहां से हटा कर सिंगापुर चला गया, इसलिए हमें नाइलन यार्न और थ्रेड जापान और सिंगापुर से इम्पोर्ट करने का पर्मिट दिया जाए। उसके बाद फिर उन्होंने रिप्रेजेंटेशन किया और कहा कि हमें पोलिस्टर फाइबर उस पैसे के अगेन्स्ट में लाने का पर्मिट दिया जाए। पर्मिट भी 1971 में दे दिया गया। अब मैं केवल यह निवेदन करना चाहता हूं, नाइलन फाइबर व ग्रेड्स और पोलिस्टर फाइबर, ये दोनों एस० टी० सी० में कैनेलाइज्ड हैं। उनका इम्पोर्ट यदि कोई कर सकता है तो केवल एस० टी० सी० ही कर सकता है। अब इस फर्म ने जिसने कि 1960–61 के अंदर कोई एक्सपोर्ट किया बताया, एक्सपोर्ट का जिसके पास कोई सार्टिफिकेट नहीं कि इसने एक्सपोर्ट किया था और जिसके संबंध में डायरेक्टोरेट यह लिखता है कि इसकी बिजनेस बाहर हैं या नहीं, इसकी कोई जानकारी नहीं, बल्कि इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेक्ट ने लिखा जिस फर्म का यह नाम ले रहे हैं उसका कोई वजूद नहीं मिलता, सभापति महोदय, उसको लाइ-सेंस इम्पोर्ट करने को दिया गया। इम्पोर्ट करने का लाइसेंस किस हालत में उसको दिया गया, उसके खिलाफ सी० बी० आई० की इंक्वारी पेंन्डिग थी। और इतना ही नहीं

अब मैं सरकार का वह पत्र पढ़ कर सुनाता। साथ नहीं है मेरे पास में, लेकिन माननीय मंत्री महोदय को नंबर पढ़ कर बताता हूं...

श्री लाल आडवाणी (दिल्ली) : यह दूसरा लाइसेंस स्कैंडल मालूम पड़ता है।

श्री भैरों सिंह शेखावत : चीफ कंट्रोलर मद्रास, वाइड सर्कुलर नं० 97/70/71 मद्रास, ता० 27-11-70। इस सर्कुलर में इस फर्म को अबेयेन्स में रखा गया और जौइन्ट कन्ट्रोलर दिल्ली ने एक लेटर आफ काशन इशू किया, जिसका नं० है: 130/69-70 सी०एल०ए०, ता० 27-1-70, informing the licencing authorities not to issue any licence to the firm.

श्री लाल आडवाणी : मंत्री कौन थे?

श्री भैरों सिंह शेखावत : वे मशहूर हो गये है हिन्दुस्तान के अन्दर, करप्शन के अन्दर श्री ललित नारायण मिश्र। इन्होंने दोनों पर्मिट दिए हैं। ये दोनों लाइसेन्स उन्होंने दिये है और उस स्थिति में दिए है जिस स्थिति में वे दे नहीं सकते थे, जिस समय इस फर्म का वजूद नहीं था और उस स्थिति में दिए जब एक्सपोर्ट के बारे में कोई वैरीफिकेशन नहीं किया गया था, उस स्थिति में दिया जब जौइन्ट कन्ट्रोलर कह रहे है उनको लाइसेन्स न इशू किये जाएं, उनके अगेन्स्ट में केस पेंडिंग रखा हुआ है। जितने आइटम्स के लाइसेन्स का परमिट दिया गया है वह स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन में कैनेलाइज है। स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन उनका व्यापार करता है। अब मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसके अन्दर कितना फोरेन एक्सचेन्ज का मैटर है और कितना इन लोगों ने फारेन एक्सचेंज कमाया होगा? आप अन्दाजा लगा सकते है कि इस तरह से कितना ब्लैक मनी कमाया होगा? जिस समय पोलिस्टर फाइबर इम्पोर्ट करने की बात थी, उस समय टैक्सटाइल कमिश्नर ने यह कंडीशन लगायी थी कि माल लेने के बाद टैक्सटाइल कमिश्नर जिन लोगों को परमिट देगा, उस परमिट के आधार पर एक्चुअल यूजर्स को ही यह माल बाटा जायगा। माननीय सदस्यों को यह बात सुन कर ताज्जुब होगा कि टैक्सटाइल कमिश्नर ने जिन व्यक्तियों को परमिट दिया था, इस फर्म ने पोलिस्टर फाइबर उन एक्चुअल यूजर्स को तो नहीं दिया, बल्कि उसको उसने ब्लैक में बेच दिया। इस बारे में उससे एक्सप्लेनेशन काल किया गया, वह फाइल में मौजूद है। उस फर्म ने अपने एक्सप्लेनेशन में यह बतलाया है कि श्री ललित नारायण मिश्र ने मुझे जबानी यह कह दिया था कि तुम अपनी मर्जी से इस चीज को बेच सकते हो। यह चीज फाइल में मौजूद है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि क्या सरकार इस तरह से फारेन एक्सचेन्ज को प्रोटेक्ट करेगी? सरकार की ओर से बार-बार यह कहा जाता है कि फारेन एक्सचेंज का मिसयूज नही होना चाहिए, लेकिन वह इस तरह के कामों को रोकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं करती है।

तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि फारेन एक्सचेज के मिसयूज को रोकने के लिए सरकार को चाहिए कि जिस व्यक्ति ने इस तरह का ब्लैक मार्केट किया है, जिस व्यक्ति ने ब्लैक मनी पैदा किया है, उसको जल्द से जल्द मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया जाय। लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आज फारेन एक्सचेन्ज के मिसयूज को जिस व्यक्ति ने बढ़ावा दिया है, अगर किसी व्यक्ति को मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया जाना चाहिए तो हिन्दुस्तान की सरकार के अन्दर जो हाजी मस्तान के रूप में श्री ललित नारायण मिश्र बठे हैं उनको गिरफ्तार किया जाय। तब ही जाकर यह फारेन एक्सचेन्ज का मसला हल हो सकता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह जो सारा आर्डिनेन्स इशू किया गया है, उस आर्डिनेन्स से स्मगलिंग का कार्य रुकने वाला नही है। इसलिए मेरी मांग है कि जिन लोगों ने तस्करी करने वालों से

[श्री भैरों सिंह शेखावत]

समझौता किया हुआ है, तस्करी व्यापार करने में जो लोग मिले हुए हैं, जो लोग तस्कर व्यापारियो को संरक्षण दे रहे हैं, उनके सम्बन्ध में भारत सरकार को एक कमीशन नियुक्त करना चाहिए और वह कमीशन इस बात की जांच करे कि किन-किन व्यक्तियों का तस्करों के साथ सम्बन्ध है। मिनिस्टरों का तस्करी में कितना पैसा है और वे किस तरह से तस्करी व्यापार में लोगों की सहायता कर रहे हैं ?

श्रीमन्, आज प्रधान मंत्री के नेतृत्व में एक समिति बनाई गई है, जो इस बात की जांच कर रही है। बम्बई और गुजरात के छः स्मगलरों को जिन्हें दिल्ली में रोक रखा है, जिनका इंटेरोगेशन हो रहा है और उस इंटेरोगेशन में कई चीजें रिवील होने वाली हैं और हुई हैं। भारत सरकार अभी तक इस चीज को दबाये बैठी है। मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि इस प्रकार से जो भी इंटरोगेशन का काम हुआ है, जिसमें पोलिटिकल लोग इंवाल्व हैं, गवर्नमेंट इंवाल्व है, उसके सम्बंध में स्थिति स्पष्ट करें। मैं यह चाहता हूं कि इस तरह की इंक्वायरी स्वयं सरकार न करे, बल्कि इसके लिए एक कमीशन एपोइंट किया जाय जो इस मामले की पूरी जांच करे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Just now you have to wind up.

श्री भैरों सिंह शेखावत : सरकार ने स्मगलरों के खिलाफ हाल में जो कार्यवाही की है, उसके बाद उसने देश में यह हवा बना दी है कि इस कार्यवाही के वजह से देश में चीजों के दाम कम हो गये हैं। आपने इस तरह का प्रचार करने का लाभ उठाया है और कहा कि हमने तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करके देश में चीजो के भाव कम कर दिये हैं। लेकिन मैं सदन को यह बतलाना चाहता हूं कि सरकार की इस कार्यवाही से देश में चीजों के दाम कम नहीं हुए हैं, वे अब भी बढ़ रहे हैं और तस्कर लोग फिर अपने काम में वापस आ चुके हैं। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि इस सम्बन्ध में जो सरकारी व्यवस्था है, जो प्रशासनिक व्यवस्था है और स्मगलरों की जितनी ताकत है, सरकार उसका मुकाबला नहीं कर सकती है। आज स्मगलरों के पास बोटस हैं, हाई स्पीडस बोट्स हैं, पावर फुल इंजन वाली बोटस हैं, ट्रांसमिटर हैं, वायरलैस सैट्स है, बड़े-बड़े वाइनोक्यूलर्स है, हथियार हैं, इस तरह की सारी व्यवस्था उनके पास है, परन्तु इन व्यवस्थाओं के मुकाबले हिन्दुस्तान की सरकार के पास कुछ नहीं है। मेरे पास जो आंकड़े है उनसे यह मालूम होता है कि सरकार इस काम में कुल डेढ़ करोड़ रुपया खर्च कर रही है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इतने कम रुपयों में वह उन लोगों का मुकाबला कर सकेगी ? यह संभव नहीं है। इसलिए मैं चाहूंगा कि अगर सरकार स्मगलिंग को रोकना चाहती है तो ईमानदारी के साथ प्रयत्न करे। समय का यह तकाजा है कि वह पार्टी से ऊपर उठ कर इस कार्य में सब का सहयोग ले और इस कार्य में जो भी लोग लगे हों चाहे वे किसी भी पार्टी के क्यों न हों, उनको जनता के सामने लायें और खोल कर देश में एक नया एटमासफियर क्रिएट करें। सरकार यह कहे कि जो भी तस्करी का कार्य करता है उसका कोई भी साथ देने वाला नहीं है। अगर वह इस तरह की कार्यवाही करेगी, तब ही जाकर तस्करी का व्यापार रोक सकती है। इस प्रकार के आर्डिनेन्सों से यह कार्य रुकने वाला नहीं है।

अन्त म मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार को बहुत पहले ही इस सम्बन्ध में एक व्यापक बिल लाना चाहिए था ताकि तस्करी में वृद्धि न हो पाती और हिन्दुस्तान की इकोनोमी में किसी प्रकार की आंच भी न आती। अब जो इस प्रकार का बिल आर्डिनेन्स की जगह पर ला रही है, उससे यह कार्य रुकने वाला नहीं है।

लेकिन सरकार ने जानबूझ कर, तस्करों को संरक्षण देने के लिए, इस प्रकार का कम्प्रिहैसिव कानून नहीं बनाया। जो छूट रहे हैं उनमें भी पिक एंड चूज का सवाल चल रहा है। जो कोर्ट से छूट रहे हैं उन सबको फिर गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। जयपुर का महशूर तस्कर, बल्कि हिन्दुस्तान का महशूर तस्कर, शंकर गुप्ता उसको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने से पहले उसको सूचना भेज दी, तुम अपने लड़के की जयपुर में सगाई करके आओ, सारा कारोबार सुरक्षित कर आओ। उसके बाद बम्बई में गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एडीक्वेट चार्जेज नहीं बनाए और इसलिए वह छूट गया। शंकर गुप्ता को आज तक फिर गिरफ्तार नहीं किया। मैं जानता हूं कि शंकर गुप्ता किन-किन मंत्रियों से संबंध हैं, किन-किन मंत्रियों को वह पैसा देता है। इस प्रकार के लोग भारत सरकार की पकड़ में नहीं आते। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सरकार तस्करी को रोकना चाहती है तो पहले कानून की स्थिति सुदृढ़ बनाए, उसके बाद उसको इम्प्लीमेंट करने की स्थिति सुदृढ़ बनाए, उसके बाद देश में एक वातावरण इस प्रकार का निर्माण करें जिसके कारण तस्कर व्यापार न चल सके। यह स्थिति बनेगी तभी आपको इसका लाभ होगा, अन्यथा नहीं।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Mr. Deputy Chairman, Sir, I beg to move:

> That the Bill to provide for preventive detention in certain cases for the purposes of conservation and augmentation of foreign exchange and prevention of smuggling activities and for matters connected therewith as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

Sir, as hon. Members are aware, prevention of smuggling and conservation of foreign exchange are of vital importance to a country like ours. In order to frustrate the activities of those anti-social elements which seek to take advantage of the country's situation in order to enrich themselves, Government have from time to time, taken various legislative and administrative measures. In 1962, the Customs Act in which the customs law was comprehensively revised was enacted. In 1969, legislative action was taken for regulating the possession and sale in vulnerable areas of articles smuggled on a large scale. Further measures were recommended by the Law Commission in its report on trial and punishment of social and economic offences. Amendments to the Customs Act to give effect to the important recommendations of the Law Commission were effected in 1972. A number of the Law Commission's recommendations were also incorporated in the foreign Exchange (Regulation) Act, 1973. The administrative arrangements for dealing with smuggling and foreign exchange violations have also been progressively strengthened. The preventive formations in the Bombay and Madras Custom Houses and the Central Excise Collectorates at Ahmedabad, Bombay, Cochin and Madurai have been reorganised and Preventive Collectors have been posted at Bombay, Ahmedabad and Patna. Additional Man-power has been deployed for preventive work in sensitive areas. Action has been taken to set up a wireless communications network covering the west coast and the Tamil Nadu coast. In order to strengthen patrolling of, and interception at sea arrangements have been made for the purchase of 20 fast vessels from Norway. Two of these have already arrived and have been deployed at Bombay with results which have proved encouraging. We have, however, found that because of the vast coastline and long land frontiers of our country, the legislative and administrative measures so far taken to check smuggling have not proved adequate. Experience has shown that the persons who have masterminded smuggling operations worked behind the scenes. It was usually only a landing agent or a carrier who because of his overt activities could be apprehended and subjected to action under the existing law, while the main organisers and financiers behind the scenes were able to continue their operations despite the increasing tempo of the seizures.

[Shri Pranab Mukherjee]

In many cases, preventive and intelligence agencies were in possession of reports indicationg activities of these persons, but for lack of evidence acceptable in a court of law, they could not be brought within the scope of the existing law. The Law Commission appreciated the seriousness of the problem and remarked that since the offences against the regulations of foreign exchange and customs have an immense impact on the well-being of the entire nation by virtue of their pernicious effect on vital national policies, Government should not be without power to detain preventively certain offenders against these laws.

After 1972, when the Law Commission made its recommendation, the activities of the master smugglers have been a matter for increasingly serious concern and it was in this backgroungd that the Maintenance of Internal Security (Amendment) Ordinance, 1974, was promulgated on the 17th September, 1974. This Ordinance amended the Maintenance of Internal Security Act of 1971, to bring within the scope of the Act various categories of smugglers and offenders against the Foreign Exchange Regulations.

The statement showing the reasons for legislation by Ordiannce has already been placed before the hon. House. There will, perhaps be general agreement that the activities of smugglers and foreign exchange racketeers are anti-social and pernicious and it should be desirable from all points of view to enact a self-contained measures, as the present Bill seeks to do, dealing exclusively with them and to segregate their cases from those of persons detained under the Maintenance of Internal Security Act for political or other reasons.

The questions were proposed.

श्री महादेव प्रसाद वर्मा (उत्तर प्रदेश) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ठीक से तो नही कह सकता लेकिन सुना है कि हाजी मस्तान ने ट्रेजरी बैचेज के अपने एक मित्र को एक पत्र लिखा है, उस पत्र मे की सारी चीजें तो मैं नहीं कहता, लेकिन आखिर में दो लाइनें जो उन्होंने लिखी है वह मैं बता देना चाहता हूं। उन्होंने लिखा है :

तेरी महफिल से उठाता गैर की थी क्या मजाल,
देखता था मैं कि तूने ही इशारा कर दिया।

मैंने बड़े गौर से लोक सभा में माननीय मंत्री जी ने जो इस की बाबत कहा है उस को पढ़ा और उसके लिए पांच, छः उन की दलीलें हैं।

पहली दलील तो यह है कि स्मगलर इतने शक्तिशाली हो गये हैं कि मामूली कदम से, मामूली नियम कानून से उन पर पाबन्दी नही लगायी जा सकती, इसलिए मजबूर हो कर सरकार ने इतना सख्त कदम उठाया। दूसरी दलील यह देते हैं कि उन स्मगलरों ने अपने को जनता के अन्दर लोकप्रिय बनाने के लिए सामाजिक, शैक्षणिक और दूसरे कामों में काफी दान दिया है और उस दान का नतीजा यह हुआ है कि जल्दी के उनके खिलाफ कदम उठाने का किसी को साहस नही होता। तीसरी चीज दी है कि अगर उन के लिए कानून यहां पेश होता और उस पर बहसें होती तो शायद इतनी आसानी से उन की गिरफ्तारियां नही हो सकती थीं। सरप्राइज फैक्टर उन के लिए जरूरी था वरना यह लोग इकट्ठा गिरफ्तार नहीं हो सकते थे। चौथी दलील दी है कि सुप्रीम कोर्ट ने जितने पोलिटिकल डेटिन्यूज हैं उन के लिए तो उस ने एक सिद्धांत कायम कर दिया है, लेकिन वह सिद्धांत स्मगलरों पर लागू नही होता, इसलिए इस की चिन्ता नहीं है कि उस का नाजायज फायदा उठा कर रूलिंग पार्टी अपने विरोधियों का दमन करने का प्रयास करेगी। पांचवी दलील उन्होंने यह दी है कि हम आप को आश्वासन देते हैं कि पोलिटिकल परपज के लिए इस का हम नाजायज फायदा नहीं उठायेंगे और आखिर में उन्होने यह कहा है कि अपोजीशन पार्टीज ने हमेशा इस बात की माग की है कि स्मगलरो के खिलाफ, रेकेटियर्स के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की

3.P.M. जाय। अब ताज्जुब यह होता है कि विरोध पक्ष इसका विरोध क्यों करता है। आखिर मे उन्होंने कहा है कि शुरू

से आज तक जैसे अभी भी बताया मंत्री महोदय ने कि कदम-पर-कदम उठाये लेकिन सारे कदम फेल हो गये। इसलिए यह सख्त से सख्त कदम उठाने की जरूरत पड़ी। ये उनकी दलीलें है।

मैं अब सत्तारूढ़ पार्टी से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं। दलीलें ठीक है, मैं उन का जवाब देने से पहले, उनसे ये सवाल पूछना चाहता हूं। विरोधी पक्ष इस बात का विरोधी नहीं है कि आप स्मगलरो ब्लैक मार्केटियर्स, रेकेटियर्स के खिलाफ कदम क्यों उठा रहे हैं, विरोध पक्ष का विरोध इस बात से है कि ये कदम क्यों आप उटा रहे हैं कि उसे कोर्ट से भी डिबार कर रहे हैं। आपकी मंशा इसके पीछे यह नही है कि इससे आप स्मगलिंग को रोकेंगे, उसे बन्द करने जा रहे है, आपकी मंशा ज्यादा इसमें है कि आप उस रहस्य को छिपा लेना चाहते हैं जो इस स्मगलिंग के पीछ लगी हुई है। यह विरोध पक्ष की ही भावना नही है, यह सारे देश की भावना है। आपने क्या समझकर उनसे कहा कि वह कोर्ट मे नहीं जा सकते है ? आपके उद्देश्य अच्छे हों, लेकिन मुसीबत यह है कि जिस माहौल मे आप ये सारी चीजें कर रहे हैं, देश ने उसको इस भावना से लिया है कि कोर्ट में जाने पर उसके पीछे के राजफाश होने पर उसमें सत्तारूढ़ दल के बड़े-बड़े दिग्गज लोग भी आ सकते हैं। इसलिए सरकार ने फौरन यह कदम उठाकर उनको रोक दिया कि वे कहीं पर्दाफाश न कर दें। इसकी मिसाल थी, आपको मालूम है, दिल्ली के स्टेट बैंक से जो 60 लाख रुपया गया। कितनी जल्दी उसको हश-अप किया गया, उस पर परदा डाला गया कि आज तक कोई चूंक नहीं कर सकता। इसका जवाब ट्रेजरी बैंचेज के पास क्या है कि सारे देश के अन्दर जो एक भावना उभर रही है कि आप कोर्ट से उनको डिबार करके केवल अपने राज को जाहिर होने से बचाना चाहते हैं, राजाश नहीं होने देना चाहते हैं। इसलिए आपने स्मगलिंग के विरुद्ध कार्यवाही करने के नाम पर अपनी बुराइयों को, अपनी कमजोरियों को छिपाने की कोशिश की है। इसका जवाब दें।

यह बात ठीक है कि आप निहायत नेकनीयती से कह सकते हैं कि इस कदम का विरोध पक्ष को दबाने के लिए या विरोध पक्ष का कार्य का दमन करने के लिए नहीं उठायेंगे। लेकिन मंत्री जी, इस गारन्टी को कौन लेगा? क्या पता है कि कौन मंत्री कितने दिन रहेगा। क्या पता है कि कोई अधिकारों का दुरुपयोग नहीं करेगा, यह कोई गारन्टी ले सकता है ? अगर आप इतिहास को इतना जल्दी भुला देना चाहते हों, उससे लाभ न उठाना चाहते हों तो देश की बड़ी बदकिस्मती होगी। एक ऐसा काम है जो शुरू में तो बहुत आसान लगता है और किसी अच्छे नाम पर उठाया जाता है। लेकिन धीरे धीरे वह जिस दिशा की तरफ प्रगति करता है उसमे आप और हम जाल मे फंसते जाते है। मैं आप को मिसाल दूं, संक्षेप मे। हिटलर ने सन् 1933 मे नारा लगाया कि यहूदियों के खिलाफ और सारे कानून उसने इस बिना पर बनाये कि यहूदी कौम देश का दुश्मन है, इन्होंने जर्मन पस्पा किया है। इसलिए इनके खिलाफ जो भी कदम उठाये जाये सब जायेज हैं। नतीजा यह हुआ कि उस कदम को बढ़ाते-बढ़ाते उसने कम्युनिस्टो के खिलाफ, सोशलिस्टों के खिलाफ, फिर दूसरी पार्टियों के खिलाफ भी उटाया। उसे मजबूत करते करते इस हद को पहुंचा कि सारी दुनिया को खुन के आंसु लाने पड़े और अन्त में विलजन-कैम्प, आर्शविच कैम्प, कसंट्रेशन कैम्प ही नहीं गैस चैम्बर्स के बारे में सारे कांड हुए। लेनिन ने सन् 1917 में क्रान्ति की। उनके मरने के बाद स्टालिन आये। ख्रुश्चेव ने अपनी किताब में लिखा है

[श्री महादेव प्रसाद वर्मा]

"ख्रुश्चेव रिमैम्बर्स" । उसमें उन्होंने लिखा है कि जो भी स्टालिन के खिलाफ गया उसे पीपुल्स ऐनिमी टर्म दिया। उसको पीपुल्स ऐनिमी, रियक्शनरी, पीपुल्स ऐनिमी, रियेक्शनरी कहा।

यह दो शब्द थे उसके पीछे लाखों किसानों का कत्ल हुआ, लाखों आदमी भूखों में लाखों को साइबेरिया भेजा था। यह नहीं पता चलता था कि बर्फ की चट्टान की जैसे कोई आदमी खड़ा फंस गया हो। इस बारे में स्टेलिन ने रवैया अखितग्रान किया कि अगर उनका आदमी कोई आज दरबार में बैठा है तो उस को पता नहीं है कि कल रहेगा या नही जगोदा, यशोदा, और बेरिया और बेरिया ने तो इतना जाल रचा था कि स्टेलिन भी खतरे में हो गया । एक बार उसने कहा था कि बेरिया से तो मुझे भी खतरा है। यानी दिस बीज एक रेन आफ टैरर। फ्रैंच रेवोल्यूशन फेल हुआ रेन आफ बेरार की वजह से। स्टेलिन बूचर कहलाया। आपको याद होगा कि 25 साल की हुकूमत करने के बाद जब वह खत्म हुआ उसको कब्र से निकाल कर उसको बाहर फैंका गया। ही वाज काल्ड ए बूचर।

किसी को भी सांस लेने की फुर्सत नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, इन्सान के लिए रोटी बहुत जरूरी है लेकिन रोटी के साथ-साथ एक और भी चीज जन्म लेकर आती है यह है आजादी की भूख। केवल रोटी के भरोसे नहीं चला जा सकता हां, यह बात जरूर है कि रोटी पहले आती है, आजादी की भूख बाद में। लेकिन उसको दबाया नहीं जा सकता। स्टेलिन रोटी की भूख को कामयाब कर पाया या नहीं यह तो पता नहीं, हो सकता है लेकिन स्टेलिन ने अपने रवैये से सारे देश को उस हालत में पहुंचा दिया जिस हालत में चंगेजखां नहीं पहुचा सका है और शायद माओ-त्से तुंग के भी मरने के बाद चीन में वही करना हो जो स्टेलिन के मरने के बाद ख्रुश्चेव को करना पड़ा। मेरे कहने का मतलब है कि आप एक चीज को जरूर शुरू करते हैं जैसा मंत्री महोदय ने बताया कि कदम उठाना शुरू किया। सन् 62, 67, 68 से उठाए गए लेकिन इन सब के बाद हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि जो आपने कोर्ट में जाने का द्वार बंद कर दिया उससे मसला हल नहीं होगा। इसका कारण है कि जिस कारण से स्मगलर्स पैदा हुए 25,20 साल में उधर आपने ध्यान नहीं दिया । मंत्री महोदय से मेरी प्रार्थना है कि जब तक रोग का निदान नहीं होता है---तब इसकी दवा नही हो सकती है । यह जो आप दवा देने जा रहे हैं यह उस दर्द से भी खतरनाक है जिसकी आप दवा करने जा रहे है। जिस दवा को आप करने जा रहे हैं तो आपने इस बात को देखा नहीं, समझा नहीं कि पिछले इतने वर्षों यह मर्ज इस तरह क्यों बढ़ता जा रहा है। अगर हम इसको समझ ले कि मर्ज इस ओर और क्या बढ़ रहा है, इसकी बुनियाद कहां है और कौन-कौन से कारणों से और इसका अब तक पहले से इलाज हो गया होता तो आज आप मर्ज को न पाते। इस मर्ज की बुनियाद आपके घुसखोरों में है और उन राजनीतिक नेताओं में हैं जिन्होंने इसको उदासीनता की आंखों से देखा या उस को आश्रय दिया । वरना क्या यह संभव था कि जो स्मगलर्स इतने मजबूत हो जाए । आप स्वयं तसलीम करते हैं कि कई साधारण कानून और कई साधारण नियम आज तक बनें । यह आपकी फेल्योर है, आपकी नाकामयाबी है । सबसे बड़ा सबूत है इसका क्या जवाब देंगे यह किसके जिम्मे आता है यह विरोधी पक्ष के जिम्म नहीं आता। यह आपने 25 साल तक समगलर्स को ऐसा बना दिया कि एनारकी कायम हो गई ।

यह जिम्मेदारी किस पर है ? इधर कोई जिम्मेदारी नहीं आती है क्या ? इसलिए मेरा कहना यह है कि आप कानून के दरवाजे और कोर्ट के दरवाजे इन लोगों के लिए बन्द मत कीजिए । उनको कोर्ट में जाने दीजिये । आप यहां पर कोई व्यक्तिगत आश्वासन दें तो उसका पालन भविष्य में होने वाला नही है कि आप कल को मिनिस्टर न रहें और कोई दूसरा आदमी मिनिस्टर बन जाय । इसलिए आप किस के बल पर यह आश्वासन देना चाहते हैं ? अभी अभी कुछ दिन पहले लोक सभा में श्री मधु लिमये ने एक प्रश्न पूछा कि फलां स्मग्लर के खिलाफ कार्यवाई क्यों नहीं की गई और फलां को चुन कर उसके खिलाफ कार्यवाई क्यों की गई, तो सरकार की तरफ स कोई जवाब नही दिया गया । मैं यह कहना चाहता हूं कि इस प्रकार से आप इस समस्या का समाधान नहीं कर पाएंगे । यही कारण है कि विरोधी पक्ष की तरफ से इस प्रकार विरोध हो रहा है । यह विरोध इसलिए नही हो रहा है कि हम तस्करी को इस देश मे बढ़ावा देना चाहते हैं । हम चाहते हैं कि इस देश से स्मग्लिग समाप्त हो, हम चाहते हैं कि इस देश से ब्लैकमार्किटिंग समाप्त हो, हम चाहते हैं कि इस देश में जो राजनैतिक और आर्थिक लूट चल रही है वह समाप्त हो । लेकिन जिस रास्ते पर चल कर आप इसको समाप्त करना चाहते है उससे यह समाप्त होने वाला नही है । आप लोगों मे यह साहस नहीं है कि आप इन मामलो को कोर्ट मे ले जायें । मैं यह स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि अगर आपने कानून का रास्ता नहीं अपनाया और खुलकर आप इन लोगों को कोर्ट में नहीं ले गये तो यह देश तानाशाही की तरफ बढ़ेगा और तानाशाही से आप इस देश को बचा नहीं सकेंगे ।

SHRI D. P. SINGH (Bihar) : Mr. Deputy Chairman, two hon. Members opposite who have spoken have failed to conceal their solicitude for the smugglers. Either in the guise of protection of their rights or on the allegation of the abuse of this power, they have unmistakeably shown their anxiety to their friends and colleagues who have been sustaining them in power and giving them this capacity. Sir, it is in this regard that I will submit that this is a welcome measure which is coming today because at the moment nobody can deny that the country is passing through a critical situation. If it were not so, the Members of the Opposition, day in and day out—interminably—would not go on saying about the crisis but from their speeches now it appears as though everything was normal and why was this legislation coming except to thwart their freedom and guaranteed independence and the fundamental rights. It is perhaps a little too late in the day to raise some of those basic questions—that the Constitution impinges on the rights and liberties of citizens. Perhaps it may be very useful to remember that the Constitution itself, under article 22, permits detention of persons.

It is a tragedy, of course, that that right to detain should be put in the Fundamental Rights Chapter as though it were a fundamental right. But the Constitution-makers knew the Indian conditions, knew the Indian minds, knew the Indian weaknesses, and advisedly they put this provision in the Constitution. Now, Sir, if we examine the manner in which the Ordinance that came up before us has been worked out, then it will appear that there are two main grounds on the basis of which the courts have been trying to release the persons detained for economic offences. One is that the offences mostly given in the grounds as required under the Constitution are distinct in time. And the second is that even if one ground out of the whole lot of the grounds given is vague, then they are entitled to acquittal, and it is on that basis that their releases have been ordered. Whereas we submit that while we support the Bill, we support the measure, I consider it my duty to point it out for the examination of the Law Ministry that when we are embarking on such a venture, it is worthwhile taking steps to plug the entire gamut of loopholes through which many of the detentions have been set at naught in the last few months. Unless you change rules of procedure as embodied in the criminal laws whereby the presump-

[Shri D. P. Singh]

tion of innocence always rests with the persons detained or accused, then it may be a little difficult. We have tried to to do so in the case of Prevention of Corruption Act where the finding of wealth disproportionate to the known sources of income enable the Government to draw a presumption that the person will have to prove his innocence. Likewise, this may be attempted in this bill. And secondly we have also to make the necessary changes in the law whereby we have to make it clear that even if one ground of detention were good enough, even if one ground of detention is correct, then the detention shall not be invalidated. Now, these are the two basic challenges in the procedure. Sir, I will submit that we thought Government would have taken advantage of the 25th Amendment of the Constitution which made an amendment to Article 31, and today we have Article 31(c) of the Constitution. Now, what does Article 31 do ? For the purposes of making sociological changes, for the purposes of removing concentration of wealth, for the purposes of making equitable distribution of wealth in the society, it has provided that Article 14 or 19 or 31 of the Constitution can be suspended or can be over-ridden.

Now, likewise, we should try to take advantage of this and either enlarge the scope of Article 31C in the Constitution or make an amendment under Article 360 of the Constitution to make a provision like Article 359. Then, Sir, I submit that it would be a cast iron thing from which it will be impossible for any smuggler to come out. Sir, elaborating a little the argument is that if property in any form can be acquired by suspending the Fundamental Rights—if any nefarious means are utilised for that ill-gotten wealth, those nefarious means cannot be above the Constitution; and by this little amendment in Article 359 or Article 360, of the nature of Article 359, it may be possible to remove the whole difficulty. Actually, it is Article 360 itself which deals with financial emergency and it may be worthwhile examining the possibilities. Now, Sir, this much about the Constitutional aspect. I would submit that there is always a hue and cry when a subject-matter of this nature is brought before this House, and the cry is that power is being abused. So far, to my recollection, not one case has come out, not one person has come forward aleging that a person belonging to the Jana Sangh or the B.L.D. has been arrested, because he belongs to the Jana Sangh or B.L.D. and is not a smuggler. Sir, no such incident has either been placed in the courts or in this House where any rank abuse....

श्री रबी राय : मैं श्री सिंह साहब की जानकारी में यह बात कहना चाहता हूं कि श्री अशोक दास, जो उड़ीसा में विधान सभा के सदस्य हैं, जो बी० एल० डी० के सदस्य हैं, उनको मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था, लेकिन हाई कोर्ट ने उन्हें छोड़ दिया है।

श्री भैरों सिंह शेखावत : श्री वाजपेयी जी को भी मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था।

श्री रबी राय : श्री कर्पूरी ठाकुर को भी मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था जो आपके प्रदेश के भतपूर्व मुख्य मंत्री थे।

श्री डी० पी० सिंह : क्या स्मगलिंग के चार्ज में गिरफ्तार किया गया? मैं तो यह कह रहा था कि जिन लोगों को मीसा के अन्तर्गत इकौनौमिक आफेन्स के चार्ज में गिरफ्तार किया गया और जिन्हें स्मगलिंग के चार्ज में गिरफ्तार किया गया, इन दोनों के बारे में मैं कह रहा था। मैं तो आर्टिकल 360 की बात कह रहा था जो कि इकौनोमिक इमरजैन्सी के बारे में डील करता है। तो आप जरा इस बारे में गौर से सुनें और कांस्टीट्यूशन को सामने खोल लें।

श्री रबी राय : कोई जरूरी नहीं है। मेरा कहना यह है कि आपकी सरकार लोगों को मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार करके सारी आजादी को कुंठित कर रही है।

श्री डी० पी० सिंह: यह ताज्जुब की बात है कि आप जो यह कह रहे हैं कि श्री

वाजपेयी जी को स्मगलिंग चार्ज में मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया और दूसरे उड़ीसा के एक सदस्य को स्मगलिंग के चार्ज में मीसा के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। मैं तो स्मगलिंग की बात कर रहा था। मैंने तो कोई भी ऐसा केस नहीं कहा जिसमें किसी पार्टी के सदस्य को स्मगलिंग के चार्ज में अरेस्ट किया गया हो और जो आपकी पार्टी के हों।

...न्दर सिंह

श्री रबी राय: आप को ... ग्रेस के बारे में मालूम ही होगा कि वे ... के सदस्य हैं और स्मगलिंग के चार्ज में उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

श्री डी० पी० सिंह: आप इस बात को देखिये कि मैं इस बारे में कोई भेदभाव नहीं कर रहा हूं। जो भी गुनाह करेगा उसको अरेस्ट किया जायेगा।

